जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।
दिनांक : 30.10.2022

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>
(सं. 2022–23 / 465)

मानीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उदयपुर–हिम्मतनगर–असारवा (अहमदाबाद) गेज परिवर्तित लाइन का शुभारंभ
असारवा (अहमदाबाद) में 31 अक्टूबर को रेलसेवा को हरी झंडी दिखाकर करेंगे शुभारंभ

माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा असारवा, अहमदाबाद में आयोजित कार्यक्रम में असारवा–हिम्मतनगर–उदयपुर गेज परिवर्तित रेल लाइन पर प्रथम रेल सेवा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम में माननीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार श्री अश्विनी वैष्णव भी उपस्थित रहेंगे।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार असारवा, अहमदाबाद में आयोजित शुभारंभ समारोह के साथ–साथ उदयपुर से भी इस आमान परिवर्तित रेल लाइन पर नई रेल सेवा का शुभारंभ समारोह आयोजित किया जा रहा है। उदयपुर में आयोजित समारोह में श्री गुलाबचंद कटारिया, माननीय नेता प्रतिपक्ष, राजस्थान विधानसभा एवं विधायक–उदयपुर तथा श्री सी. पी. जोशी माननीय सांसद, चित्तौड़गढ़ उदयपुर से असारवा रेल सेवा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबन्धक श्री विजय शर्मा उदयपुर स्टेशन पर आयोजित शुभारम्भ समारोह में उपस्थित रहेंगे। साथ ही अन्य स्टेशनों, उमरा स्टेशन पर श्री फूल सिंह मीना, माननीय विधायक–उदयपुर ग्रामीण, जावर स्टेशन पर श्री अर्जुन लाल मीना, माननीय सांसद–उदयपुर, जयसमन्द रोड स्टेशन पर श्री अमृत लाल, माननीय विधायक–सलूम्बर, डूंगरपुर स्टेशन पर श्री कनकमल कटारा, माननीय सांसद–बांसवाड़ा एवं रिखवदेव रोड स्टेशन पर जनप्रतिनिधिगण द्वारा शुभारम्भ किया जायेगा।

गाड़ी संख्या 09477, असारवा (अहमदाबाद)–उदयपुर सिटी उद्घाटन स्पेशल रेल सेवा दिनांक 31.10.22 को 18.00 बजे असारवा से रवाना होकर रात्रि 00.05 बजे उदयपुर पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09609, उदयपुर सिटी–असारवा (अहमदाबाद) उद्घाटन स्पेशल रेल सेवा दिनांक 31.10.22 को उदयपुर से 18.00 बजे रवाना होकर रात्रि 00.20 बजे असारवा पहुंचेगी। नियमित रेलसेवा दिनांक 01.11.2022 से प्रतिदिन संचालित होगी।

गाडी संख्या 19703, उदयपुर सिटी–असारवा (अहमदाबाद) प्रतिदिन एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 01.11.22 से उदयपुर सिटी से 17.00 बजे रवाना होकर 23.00 बजे असारवा पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाडी संख्या 19704, असारवा (अहमदाबाद)–उदयपुर सिटी प्रतिदिन एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 01.11.2022 से असारवा से 06.30 बजे रवाना होकर 12.30 बजे उदयपुर सिटी पहुँचेगी।

नियमित रेलसेवा की समय–सारणी निम्नानुसार है :–

19703, उदयपुर सिटी–असारवा (अहमदाबाद) प्रतिदिन एक्सप्रेस दिनांक 01.11.2022 से प्रतिदिन		**स्टेशन**	19704, असारवा (अहमदाबाद)–उदयपुर सिटी प्रतिदिन एक्सप्रेस दिनांक 01.11.2022 से प्रतिदिन	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
–	17.00	उदयपुर सिटी	12.30	–
17.12	17.14	उमरा	11.58	12.00
17.42	17.44	जावर	11.28	11.30
18.04	18.06	जयसमन्द रोड	11.05	11.07
18.28	18.30	सेमारी	10.42	10.44
18.45	18.47	रिखब देव रोड	10.25	10.27
19.05	19.07	डूंगरपुर	10.05	10.07
19.29	19.31	बिछीवाडा	09.39	09.41
19.59	20.01	शामलाजी रोड	09.09	09.11
21.00	21.02	हिम्मतनगर	08.25	08.30
21.20	21.22	प्रांतिज	07.44	07.46
21.32	21.34	तलोद	07.33	07.35
21.53	21.55	नांदोल दहेगाम	06.58	07.00
22.10	22.12	नारोडा	06.40	06.42
22.14	22.16	सरदार ग्राम	06.35	06.37
23.00	–	असारवा	–	06.30

इस रेलसेवा में 02 वातानुकुलित कुर्सीयान, 01 थर्ड एसी, 03 द्वितीय शयनयान, 04 साधारण श्रेणी व 02 गार्ड डिब्बों सहित कुल 12 डिब्बे होगे।

कैप्टन शशि किरण के अनुसार उदयपुर–हिम्मतनगर–असरवा (अहमदाबाद) 295 किलोमीटर रेलखंड का मीटर गेज से ब्रॉडगेज में आमान परिवर्तन कार्य वर्ष 2008–09 में स्वीकृत किया गया था। इस कार्य पर लगभग 2220 करोड़ रुपए का खर्च किया गया है। इस रेलखंड पर 41 बड़े एवं 736 छोटे पुल बनाए गए हैं। इस रेलखंड पर 22 क्रॉसिंग एवं 15 हाल्ट स्टेशन बनाए गए हैं।

इस रेलखंड के शुभारंभ से अहमदाबाद–दिल्ली के मध्य एक अतिरिक्त वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध हो जाएगा।

वरि. जन सम्पर्क अधिकारी
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर